म्हारी लाडो रेडियो कार्यक्रम

चर्चा में क्यों?

हरियाणा सरकार ने प्रमुख पहल **"म्हारी लाडो" रेडियो कार्यक्रम शुरू किया, जो** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP) योजना के तहत एक अनुकरणीय सफलता की कहानी बन गया है।

मुख्य बिंदु

- **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP) योजना:**
  - भारत सरकार ने 22 जनवरी, 2015 को **पानीपत, हरियाणा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP) योजना शुरू की गई।**
  - इस पहल का **उद्देश्य घटते** बाल लिंग अनुपात (CSR) को संबोधित करना और यह सुनिश्चित करना है कि **लड़कियों और महिलाओं को समान अवसर, देखभाल और सम्मान मिले।**
- **BBBP योजना के उद्देश्य:**
  - जागरूकता और हस्तक्षेप के माध्यम से जन्म के समय लिंग अनुपात में वृद्धि करना।
  - मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिये संस्थागत प्रसव में सुधार करना।
  - माध्यमिक शिक्षा में लड़कियों का नामांकन बढ़ाना तथा स्कूल छोड़ने की दर पर अंकुश लगाना।
  - मातृ कल्याण के लिये शीघ्र प्रसवपूर्व देखभाल (ANC) पंजीकरण को प्रोत्साहित करना।
  - सुरक्षित मासिक धर्म स्वच्छता और प्रबंधन (MHM) पर जागरूकता को बढ़ावा देना।
- **म्हारी लाडो रेडियो कार्यक्रम:**
  - इसे BBBP के तहत एक प्रमुख पहल के रूप में **16 अगस्त, 2024 को लॉन्च किया गया था।**
  - इस समुदाय-संचालित कार्यक्रम का **उद्देश्य लैंगिक असमानता को दूर करना, लड़कियों को सशक्त बनाना और हरियाणा में बेटियों के महत्त्व** को बढ़ावा देना है।
  - **प्रसारण कार्यक्रम:** प्रत्येक बुधवार और गुरुवार को आकाशवाणी (AIR) स्टेशनों- चंडीगढ़, हिसार, रोहतक और कुरुक्षेत्र पर।
  - **विषय-वस्तु का प्रारूप:** 15 मिनट के खंडों में लैंगिक समानता और सशक्तीकरण पर समुदायों को शामिल करने के लिये कहानियाँ, साक्षात्कार और चर्चाएँ शामिल हैं।
- **अधिकतम पहुँच के लिये लामबंदी रणनीतियाँ:**
  - हरियाणा सरकार ने कार्यक्रम की पहुँच बढ़ाने के लिये एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाया।
- **प्रमुख हितधारकों ने समुदायों को संगठित किया:**
  - ज़िला कार्यक्रम अधिकारी (DPO) और बाल विकास परियोजना अधिकारी (CDPO)।
  - आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ता और वन स्टॉप सेंटर (OSC), प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) और पोषण (POSHAN) अभियान के कर्मचारी।
  - आँगनवाड़ी केंद्रों पर सुनवाई सत्र आयोजित किये गए, जिनमें पुरुषों और महिलाओं दोनों को चर्चा में शामिल किया गया।
- **डिजिटल पहुँच:**
  - प्रतिभागियों को आसान पहुँच के लिये **"न्यूज़ ऑन AIR" ऐप** डाउनलोड करने के लिये प्रोत्साहित किया गया।
  - ऐप के उपयोग संबंधी दिशा-निर्देश व्हाट्सएप, टेलीफोन और ईमेल के माध्यम से साझा किये गए।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY)

- यह **मातृत्व लाभ कार्यक्रम 1 जनवरी, 2017** से देश के सभी ज़िलों में क्रियान्वित किया गया।
- यह एक **केंद्र प्रायोजित योजना** है जिसका क्रियान्वयन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा किया गया।
- गर्भवती महिलाओं को उनके बैंक खाते में सीधे **नकद लाभ प्रदान** किये जाते हैं, ताकि उनकी बढ़ी हुई पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके और आंशिक रूप से मज़दूरी हानि की भरपाई की जा सके।

पोषण अभियान

- **पोषण (POSHAN) अभियान (राष्ट्रीय पोषण मिशन)** सरकार द्वारा 8 मार्च, 2018 को शुरू किया गया था।

- अभियान का लक्ष्य **बौनापन, कुपोषण, एनीमिया (छोटे बच्चों, महिलाओं और किशोरियों में) को कम करना** तथा जन्म के समय कम वजन वाले बच्चों की संख्या में क्रमशः 2%, 2%, 3% और 2% प्रति वर्ष की कमी लाना है।
- मिशन का लक्ष्य वर्ष 2022 तक 0-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में बौनेपन को 38.4% से घटाकर 25% तक लाना था।
- **पोषण 2.0:**
  - सरकार ने समान उद्देश्यों वाले विभिन्न कार्यक्रमों जैसे **पूरक पोषण कार्यक्रम** और पोषण अभियान को एक अम्ब्रेला-मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत समाहित कर दिया है, ताकि संचालन में तालमेल बनाया जा सके और पोषण सेवा तंत्र में **एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया** जा सके।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mahri-laado-radio-programme